| क्र.सं. | कार्यक्रमों/क्रियाकलापों |
|---|---|
| 1. | स्वच्छता ही सेवाः– स्वच्छता अभियान को बल स्तर पर स्वच्छता ही सेवा (एस.एच.एस.) दिनांक 15/09/17 से 02/10/17 (गांधी जयंती) तक आयोजित किया गया और केरिपुबल मुख्यालय सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, नई दिल्ली में दिनांक 29/09/17 को शपथ लिया गया। स्वच्छता अभियान पर नारों के साथ पोस्टरों को केरिपुबल के सभी कैम्पों में प्रदर्शित किया गया और विभिन्न प्रचार के क्रियाकलापों यथा–जल संरक्षण, हॉस्पिटल अपशिष्ट का उचित निपटान, स्नानागार/बैरक्स/फेमिली लाईनों/रसोई घरों/बैरकों और आस पास के क्षेत्रों की सफाई जैसे विभिन्न प्रकार के क्रिया–कलाप किए गए जिसमें झाड़ियों की घटाई और सुंदरीकरण इत्यादि का आयोजन किया गया। |
| 2. | संकल्प से सिद्धिः– स्वच्छता पर सामूहिक संगठनात्मक कार्यक्रम के रूप में "संकल्प से सिद्धि" बैनर के तहत केरिपुबल के कार्मिकों के लिए निबंध और फिल्म प्रतियोगिता तथा स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन बल स्तर पर दिनांक 17 अगस्त, 2017 से 8 सितंबर 2017 तक किया गया। पेय जल और स्वच्छता मंत्रालय द्वारा घोषित किए गए अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर अंतर सी.ए.पी.एफ शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता में 99 बटा0 आर.ए.एफ./केरिपुबल के सिपाही/जीडी हरानाध ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। केरिपुबल के विभिन्न स्कूलों में कुल 1619 स्कूली बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। |
| 3. | दीवाली से पहले विशेष अभियानः–कार्यालय को स्वच्छ और साफ बनाने के उद्देश्य से बल के विभिन्न संस्थानों में दीवाली से पहले विशेष अभियान चलाया गया। कैम्पों/कार्यालयों के आस पास क्षेत्रों के साथ–साथ पार्किंग स्थलों, रास्ते, पार्कों की साफ–सफाई के साथ ही अपशिष्ट वस्तुओं इत्यादि के निपटान किए गए। अनुपयोगी वस्तुओं/सामग्रियों सहित पुरानी फाईलों की पहचान की गई और नियमानुसार इसका समायोजन किया गया। साफ–सफाई के साथ कार्यालय परिसर में काफी संख्या में वृक्ष पॉट और पौधों का रख–रखाव किया गया। दीवाली शुभकामनाएं डिजिटली रूप से पर्यावरण अनुकूल माहौल में एक दूसरे को दिया गया। इसके अतिरिक्त दैनिक आधार पर कार्यालयों की साफ–सफाई सुनिश्चित की गई और सभी अधिकारियों तथा जवानों को स्वच्छ भारत अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक साथ उत्साहित किया गया। |
| 4. | स्वच्छता पखवाड़ाः– स्वच्छता पखवाड़ा पूरे देश में केरिपुबल के कार्यालयों में दिनांक 01/12/7 से 15/12/17 तक उचित तरीके से मनाया गया। महानिदेशालय, सी.जी.ओ कॉम्पलेक्स नई दिल्ली, और केरिपुबल के सभी संस्थानों में एक साथ मुहिम चलाया गया और सभी अधिकारियों/कार्मिकों द्वारा स्वच्छता शपथ लिया गया। बैनर/पोस्टर/होर्डिंग के द्वारा स्वच्छता संदेश देकर लोगों को आस–पास के स्थानों को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उपरोक्त के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के सफाई कार्यकलापों के साथ ही पदयात्रा, श्रमदान और मेगा रोड सफाई का आयोजन, सायकिल रैली, वृक्षारोपण तथा जल संरक्षण, हास्पिटल के अपशिष्टों को उचित तरीके से निपटान संबंधी कार्यक्रमों आदि का आयोजन किया गया। |
| 5. | गंगा सफाई के लिए राष्ट्रीय अभियानः– जल संसाधन नदी विकास और गंगा कायाकल्प मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित स्थानों पर गंगा सफाई के लिए राष्ट्रीय मिशन (एन.एम.सी.जी.) के तहत दिनांक 24/03/18 को गंगा बेसिन का सफाई अभियान आयोजित किया गया जिसमें केरिपुबल के कार्मिको ने "श्रमदान" में भाग लिया :–<br>i) इलाहाबाद (उ0प्र0) के संगम त्रिवेणी घाट।<br>ii) वराणसी (उ0प्र0) के अस्सी घाट।<br>iii) बेगुलसराय (बिहार) के सिमरिया घाट। |